महामंत्र जोइ जपत महेसू । कासीं मुकुति हेतु उपदेसू ॥
मंत्र महामनि बिषय ब्याल के । मेटत कठिन कुअंक भाल के ॥
| Ram Katha 939 – मानस मंत्राष्टक || Troms, Norway || *मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 359 | इंदौर, गुरुवार 11 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## मध्यप्रदेश के पूर्वी क्षेत्र रीवा, सीधी में आज होगी जोरदार बारिश

### भोपाल में सुबह से बादलों का डेरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रंप लाइन एक्टिव होने से बारिश का दौर जारी है। मध्यप्रदेश के पूर्वी क्षेत्र में औसत से अभी कम बारिश हुई है। वहीं, पश्चिमी क्षेत्र में ज्यादा बारिश हुई है। खास बात यह है कि आज जिन क्षेत्रों में कम बारिश हुई है। वहां रीवा और सीधी में तेज बारिश होने की संभावना जताई गई। इधर, राजधानी भोपाल में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। पूर्वी हिस्से रीवा-सीधी में अगले 24 घंटे में चार इंच से ज्यादा पानी गिर सकता है। मौसम विभाग ने मऊगंज, सतना, मैहर, सिंगरौली, निवाड़ी, शिवपुरी, अशोकनगर, मुरैना में भी तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार, गुरुवार को रीवा, मऊगंज, सतना, मैहर, सिंगरौली, निवाड़ी, शिवपुरी, अशोकनगर और मुरैना में तेज बारिश हो सकती है। जबकि भोपाल, इंदौर, जबलपुर और उज्जैन समेत अन्य जिलों में भी मौसम बदला रहेगा। हल्की बारिश भी हो सकती है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि प्रदेश में दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की वजह से सिस्टम एक्टिव है। ये सिस्टम प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश करा रहे हैं। अगले चार-पांच दिन बरसात का सिलसिला जारी रहेगा।

**प्रदेश में अभी भी चार प्रतिशत कम बारिश-** मध्यप्रदेश मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मध्यप्रदेश में एक जून से 10 जुलाई 2024 दीर्घावधि औसत से चार प्रतिशत कम बारिश हुई है। पूर्वी मध्यप्रदेश में औसत से 16 प्रतिशत कम। जबकि पश्चिमी मध्यप्रदेश औसत से सात प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश ने बताया कि छतरपुर, पन्ना, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, धार, रतलाम, झाबुआ, आलीराजपुर, बड़वानी में अगले 24 घंटे में भारी बारिश की संभावना है। उन्होंने बताया कि एमपी के उत्तरी हिस्से में ट्रफ लाइन गुजर रही है। वहीं, साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी एक्टिव है। इस वजह से बारिश हो रही है, जो आगे भी जारी रहेगी।

**विभिन्न जिलों के ऐसे रहे तापमान-** मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, रीवा और दमोह में पारा 37 डिग्री के पार रहा। सतना, टीकमगढ़, खजुराहो और नौगांव में तापमान 36 डिग्री या इससे ज्यादा दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 33.6 डिग्री, इंदौर में 30.8 डिग्री, ग्वालियर में 36.3 डिग्री, जबलपुर में 34.6 डिग्री और उज्जैन में तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया।

कालिदास कन्या महाविद्यालय में उठा बवाल

# घबराए एचओडी ने अतिथि शिक्षक पर ही मामला दर्ज कराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** वैसे तो विद्यालय और महाविद्यालय को शिक्षा का मंदिर कहा जाता है। लेकिन आज उज्जैन का एक महाविद्यालय शिक्षा की किसी उपलब्धि के लिए नहीं, बल्कि यहां एचओडी और अतिथि शिक्षक के बीच हुए एक विवाद के कारण सुर्खियों में बना हुआ है। इस विवाद में बड़ी बात यह है की एचओडी अतिथि शिक्षक से इतने घबरा गए कि उन्होंने उसके खिलाफ थाने में प्रकरण दर्ज भी करवा दिया है।

पूरा मामला कुछ इस प्रकार है कि कालिदास कन्या महाविद्यालय में इन दिनों महाविद्यालय की परफॉर्मेंस को और भी अच्छा करने के साथ ही नेक में बेहतर ग्रेड मिले, इसकी तैयारी की जा रही है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर वंदना गुप्ता ने नेक की इन तैयारी के बीच अपने कक्ष में एक बैठक रखी थी, जिसमें बॉटनी विभाग के एचओडी और नेक के कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर हरीश व्यास को भी बुलाया गया था। यह बैठक चल ही रही थी कि तभी बैठक में कंप्यूटर एप्लीकेशन के अतिथि शिक्षक पहुंचे और उन्होंने आते ही बॉटनी विभाग के एचओडी प्रोफेसर हरीश व्यास के साथ विवाद करना शुरू कर दिया। अतिथि शिक्षक नरेंद्र प्रजापत का कहना था कि प्रोफेसर हरीश व्यास प्राचार्या मैडम को उनके खिलाफ भड़काते हैं। छोटे से आरोप पर शुरू हुए इस विवाद में अतिथि शिक्षक नरेंद्र प्रजापत ने प्रोफेसर व्यास को निपटाने...जिंदा गाढ देने जैसी धमकी दे डाली।



**मैं घबरा गया था इसलिए करवाया प्रकरण दर्ज : प्रोफेसर व्यास-** इस बारे में जानकारी देते हुए बॉटनी विभाग के एचओडी प्रोफेसर हरीश व्यास ने बताया कि अतिथि शिक्षक नरेंद्र प्रजापत ने आते ही मुझसे विवाद करना शुरू कर दिया। वह मुझे लगातार बैठक के दौरान धमकाते रहे, जिसका पूरा वीडियो प्राचार्या के कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुआ है। इस प्रकार से मुझे जान से मारने की धमकी देने जिंदा गाढ देने की धमकी से मैं घबरा गया था, जिसके बाद मैंने देवासगेट थाने पहुंचकर अतिथि शिक्षक के खिलाफ लिखित में शिकायत की थी। प्राचार्या के कक्ष के फुटेज और मेरे बयानों के बाद अतिथि शिक्षक के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज, कमेटी भी कर रही जांच-** इस मामले में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि एचओडी प्रो. हरीश व्यास की शिकायत पर अतिथि शिक्षक नरेंद्र प्रजापत के खिलाफ धारा- 294, 506 में प्रकरण दर्ज किया गया है। साथ ही आगामी कार्रवाई के लिए भी पत्राचार किया जा रहा है। बताया जाता है कि एक और जहां अतिथि शिक्षक के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। वहीं, कॉलेज प्रशासन भी इस मामले में कमेटी बनाकर पूरे मामले की जांच कर रहा है।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय टीम नहीं जाएगी पाकिस्तान

ICC से BCCI कर सकती है ये मांग

**नई दिल्ली।** फरवरी-मार्च में पाकिस्तान को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी करनी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है और टीम इंडिया के मैच लाहौर में आयोजित कराने का ड्राफ्ट शेड्यूल आईसीसी को सौंप दिया है। हालांकि, अभी तक भारतीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान जाने पर कोई आधिकारिक बयान किसी ओर से सामने नहीं आया है, लेकिन अब एक रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि भारतीय टीम के चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने की संभावना नहीं के बराबर हैं। यहां तक बीसीसीआई आईसीसी से एक मांग भी करने जा रही है।



न्यूज एजेंसी एएनआई को बीसीसीआई के सूत्रों ने बताया है कि भारतीय क्रिकेट टीम के 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने की संभावना नहीं है। बीसीसीआई आईसीसी से दुबई या श्रीलंका में मैच आयोजित करने के लिए कहेगा। इससे स्पष्ट हो गया है कि एशिया कप 2023 की तरह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 भी हाइब्रिड मॉडल के तहत पाकिस्तान को आयोजित करनी पड़ सकती है। यहां तक कि बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद जो प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी, उसमें भी इस बात की पुष्टि नहीं की थी कि भारतीय टीम पाकिस्तान जाएगी। हालांकि, जय शाह ने इस बात की पुष्टि जरूर कर दी है कि भारतीय टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलेगी। जय शाह ने ही एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन और बीसीसीआई के सचिव के तौर पर इस बात की पुष्टि की थी कि एशिया कप 2023 के लिए भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं जाएगी। ऐसे में पीसीबी ने हाइब्रिड मॉडल का सुझाव दिया था, जिसे भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने स्वीकार किया। फाइनल समेत इंडिया और अन्य टीमों के ज्यादातर मैच श्रीलंका में आयोजित हुए थे और कुछ मैच पाकिस्तान में आयोजित कराए गए थे। ऐसा ही कुछ चैंपियंस ट्रॉफी में भी हो सकता है।

# आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य के लिए वृक्षारोपण अत्यंत जरूरी : ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल



**मंत्री द्वय श्री पटेल और श्री विजयवर्गीय ने हेमा रेंज पहुंचकर एक पेड़ मां के नाम अभियान में किया वृक्षारोपण**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत इंदौर जिले में 51 लाख पौधे लगाए जाने का कार्य तेजी से जारी है। इस कार्य को आगे बढ़ाने के लिए आज प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल और नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने महू के समीप भाटखेड़ी में हेमा रेंज परिसर में पहुंचकर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर एकत्रित ग्रामीणों ने 25 हजार पौधे लगाए।



इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद सुश्री कविता पाटीदार, पूर्व विधायक श्री अंतर सिंह दरबार, श्री चिंटू वर्मा, श्री सतीश मालवीय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रामकरण भाभर, श्री मनोज ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में साढे 5 करोड़ पौधों का रोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा फर्ज बनता है कि इन पौधों की सुरक्षा करें और इन्हें एक विकसित पेड़ बनाए। उन्होंने कहा कि वृक्ष है तो जल है, जल है तो कल है, जीवन के लिए भी पेड़ अत्यंत जरूरी है। आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित, स्वस्थ तथा बेहतर जीवन के लिए भी पेड़ों की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण का यह जन आंदोलन आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर जिले में 51 लाख पौधे लगाए जाने का कार्य तेजी से जारी है। इस महत्वाकांक्षी अभियान में समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी मिल रही है। अब हमने निर्णय लिया है कि इस तरह का अभियान हर वर्ष चलाया जाएगा। इंदौर को हरियाली से आच्छादित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धरती मां की सेवा करना हमारा फर्ज है। हरियाली धरती माता का श्रृंगार है। हमें आगे आकर धरती मां को श्रृंगारित करने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना होंगे। उन्होंने कहा कि धरती पर बढ़ते तापमान और वर्षा की कमी वृक्ष नहीं लगाई जाने से हो रही है। पर्यावरण को अनुकूल बनाने के लिए वृक्ष लगाए जाएं। कार्यक्रम को सांसद सुश्री कविता पाटीदार ने भी संबोधित किया।

## स्कूली वाहनों पर कार्यवाही, 20 वाहनों से वसूला 55 हजार रुपये जुर्माना, 2 वाहन जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों, स्कूली वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। जिसमें वाहनों के फ़िटनेश, परमिट, बीमा, PUC, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये जा रहे है। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की जा रही है। लोगों को अपने वाहनों पर HSRP नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है।

स्कूल वाहनों की विशेष चेकिंग की जा रही है जिसमें वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। बच्चों, पालकों से चालक-परिचालक के व्यवहार के बारे में फीडबैक भी लिया जा रहा है। इस दौरान 20 स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों पर मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं में कार्यवाही कर 55 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। मौके पर और ऑनलाइन दस्तावेज नही पाए जाने पर 02 वाहन जब्त भी किये गए।



## पत्रकारों और जनसंपर्क विभाग ने दी स्व. पूजा को श्रद्धांजलि




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संभागीय जनसंपर्क कार्यालय इंदौर में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ रहीं श्रीमती पूजा थापक का आकस्मिक निधन भोपाल में हो गया। श्रीमती थापक वर्तमान में जनसंपर्क संचालनालय, भोपाल में कार्यरत थीं। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए संभागीय जनसंपर्क कार्यालय इंदौर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय पत्रकारों और जनसम्पर्क कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

**कटाक्ष**




## दाऊदी बोहरा समाज में मोहर्रम के अशरा मुबारका के प्रवचन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इस्लामिक नए साल की शुरुआत में, मुहर्रम के माह के दौरान, दाऊदी बोहरा समुदाय मोहर्रम के अशारा मुबारका में आयोजित प्रवचन में पैगंबर मोहम्मद के पोते इमाम हुसैन इब्ने अली की शहादत को याद कर रहा। दाऊदी बोहरा समुदाय के लिए, 8 जुलाई से 16 जुलाई तक कि यह नौ दिवसीय अवधि, जिसे अशरा मुबारका के नाम से जाना जाता है, आध्यात्मिक चिंतन और शैक्षिक विकास का समय है। दुनिया भर से हजारों दाऊदी बोहरा धर्मगुरु के प्रवचन सुनने के लिए अपने धर्मगुरु हिज होलिनेस सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन द्वारा केंद्रीय सभा के लिए चुने गए शहर की यात्रा करते हैं। जो लोग अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लेने में असमर्थ हैं वे अपनी स्थानीय मस्जिदों व मरकजो में आयोजित प्रवचन में शामिल होते हैं जहां धर्मगुरु द्वारा नियुक्त व्यक्ति प्रवचन देते हैं। इस वर्ष अशरा मुबारका के प्रवचन 8 जुलाई से 16 जुलाई के बीच है। दाऊदी बोहरा समाज जनसंपर्क समिति इंदौर के मीडिया प्रभारी बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने बताया कि "अशरा मुबारक में आयोजित प्रवचन आध्यात्मिक विकास का समय है। वे समुदाय के सदस्यों को पवित्र कुरान की रोशनी में ज्ञान प्राप्त करने और पैगंबर साहब और अहलेबैत के महान गुणों का अनुकरण करने के लिए प्रेरित करते हैं।

समुदाय के सदस्य दुकानें और व्यवसाय बंद कर देते हैं और अशरा मुबारका में भाग लेने के लिए स्कूल और काम से छुट्टी लेते हैं, जो दर्शाता है कि वे इन प्रवचन को अपने विश्वास से कितना अभिन्न मानते हैं। इंदौर में सैफी नगर मस्जिद में सैयदना साहब की और से जनाब ताहेर भाईसाहब हुसामुद्दीन साहेब प्रवचन दे रहे है, इसके साथ ही सियागंज, बाबजी नगर, बोहरा बाखल, छावनी, न्यु सैफीनगर, मसाकीन सैफिया, हैदरी टाउन शीप, नुरानी नगर, बद्री बाग आदि मस्जिदों व मरकजो पर भी प्रवचन हो रहे है।

# मंडियों में अनाज रखने की जगह नहीं, करोड़ों रुपए के शेड पर व्यापारियों का कब्जा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बारिश आ चुकी है और इंदौर की मंडियों में अनाज लाने वाले किसान परेशान हैं। किसान मोर्चा का कहना है कि मंडियों में अनाज को सुरक्षित रखने के लिए जगह नहीं है। इंदौर की मंडियों में किसानों की उपज को सुरक्षित रखने के लिए करोड़ों रुपए के शेड बनाए गए हैं लेकिन उन पर व्यापारियों ने कब्जा कर लिया है। व्यापारी इन शेड का गोदाम की तरह उपयोग करते हैं और कई दिनों तक उनका माल इन शेड में पड़ा रहता है। वहीं अमर उजाला से बातचीत में मंडी सचिव नरेश परमार ने कहा कि किसी किसान को अनाज रखने में परेशानी है तो हमसे सीधे बात करे। अभी तक किसी किसान को अनाज रखने में दिक्कत नहीं आई है। हमने व्यापारियों को भी शेड में रखा अनाज खाली करने के लिए आदेश जारी कर दिया है।

संयुक्त किसान मोर्चा के रामस्वरूप मंत्री, बबलू जाधव, चंदन सिंह बड़वाया और शैलेंद्र पटेल ने बताया कि आजकल इंदौर का मौसम अचानक बिगड़ जाता है और बारिश होने लगती है। ऐसे में किसानों के माल की कोई सुरक्षा नहीं है। उन्हें धूप, बरसात में अपने उपज को ट्रालियां और वाहनों में रखना पड़ता है। जिससे उपज खराब हो जाती है और उन्हें बराबर भाव नहीं मिलता है। सभी ने बताया कि किसानों के साथ व्यापारियों के द्वारा की जा रही इस मनमानी का किसान संगठन पुरजोर विरोध करते हैं। हमने मंडी समिति से मांग की है कि किसानों के लिए बनाए गए शेड को तत्काल व्यापारियों से खाली करवाएं और किसानों की उपज को सुरक्षा दें। कई बार गांव से उपज लेकर किसान जब आता है तब मौसम खुला रहता है लेकिन मंडी में नीलामी, तोल में और भुगतान में लंबा समय लगता है और ऐसे में मौसम बदल जाता है तो किसान की उपज खराब होती है। सभी ने बताया कि मंडी समिति ने दिखाने को तो किसानों के लिए करोड़ों रुपए के शेड बनाए हैं लेकिन उन शेड का अधिकांश उपयोग व्यापारी ही कर रहे हैं। व्यापारी माल खरीद कर शेड में रख देते हैं और कई कई दिन तक वह माल वहीं पड़ा रहता है। वहीं पैकिंग होता है और उसके बाद भेजा जाता है। एक तरह से बगैर किराए के मंडी शेड का व्यापारी उपयोग कर रहे हैं। इसको लेकर पूरे जिले के किसानों में आक्रोश है। किसान संगठनों ने मंडी समिति के सचिव और अन्य अधिकारियों की जानकारी में भी इस मामले को लाया है और यदि जल्दी ही शेड खली नहीं कराए गए तो किसानों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।



## 55 एक्सीलेंस कॉलेज का शुभारंभ करेंगे अमित शाह

### 11 लाख पौधे लगाकर बनाएंगे वर्ल्ड रिकॉर्ड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्य प्रदेश में 55 एक्सीलेंस कॉलेज का शुभारंभ 14 जुलाई को होगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इंदौर के कार्यक्रम से प्रदेश के सभी जिलों में कॉलेज का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश में नई शिक्षा नीति के तहत हर जिले में एक एक्सीलेंस कॉलेज खोला जा रहा है। मध्य प्रदेश शासन के संसदीय कार्य मंत्री मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि एक्सीलेंस कॉलेज में विषय और रोजगारमूलक शिक्षा दी जाएगी। इन कॉलेजों में प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। केंद्र सरकार की तरफ से प्रत्येक कॉलेज के लिए 22 करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर प्रदेश सरकार भी बजट में राशि का प्रावधान करेगी।

कैबिनेट बैठक के बाद मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इंदौर में एक वृहद पौधरोपण अभियान में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इंदौर में पौधरोपण का कार्यक्रम जारी है। अभी करीब दस लाख पौधे लगाए जा चुके है। इंदौर में 51 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। इसमें ही 14 जुलाई को वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जाएगा। इसमें एक स्थान पर 11 लाख पौधे लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएंगे। उन्होंने बताया कि यह पौधे 11 घंटे में लगाए जाएंगे। इसके लिए 13 जुलाई से गड्ढे करने का काम शुरू किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पौधारोपण अभियान जनभागीदारी से चलाया जा रहा है। जनभागीदारी से 20 करोड़ पौधे लगाए जाने हैं। इसमें सामाजिक संगठनों को जोड़ा गया है। उन्होंने सामाजिक महापुरुषों के नाम पर वनों के नाम रखे हैं। विजयवर्गीय ने कहा कि मध्यप्रदेश पौधारोपण के मामले में देश में पहला राज्य बनने जा रहा है। इंदौर में हर साल 51 लाख पौधे लगाए जाएंगे।

## हर समाज को पांच से लेकर दस हजार पौधे लगाने की जिम्मेदारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में 14 जुलाई को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में एक साथ 11 लाख पौधे लगाकर वर्ल्ड रिकार्ड बनाने की तैयारी की जा रही है। एक साथ 9 लाख पेड़ लगाने का रिकार्ड आसाम के नाम पर है। इसके लिए इंदौर की रेवती रेंज में तैयारियां पूरी हो चुकी है। पौधे लगाने की तैयारी 13 जुलाई की रात से ही शुरू हो जाएगी, लेकिन सूर्यउदय से सूर्य अस्त तक ही लगाए जा सकते है, इसलिए पौधा रोपण सुबह छह से शाम छह बजे तक होगा। टेकरी पर चार फीट से ज्यादा ऊंचाई के पौधे लगाए जाएंगे,ताकि वे जीवित रह सके।**



जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि 14 जुलाई को रेवती रेज में 70 से 80 हजार लोगों के आने के इंतजाम किए गए है। वहां चार वाटरप्रुफ डोम बनाए जा रहे है। टेकरी पर 11 लाख गड्ढे हो चुके है। शहर के विभिन्न समाजों को पांच से लेकर दस हजार पौधे लगाने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा अन्य संगठन भी वहां रहेंगे। पौधे लगाने के बाद उन्हें नियमित पानी मिले, इसके लिए वहां बोरिंग भी कराए गए है। 14 जुलाई को दोपहर में गृहमंत्री शाह पौधा लगाएंगे। वे कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। इसके अलावा वे होलकर कॉलेज के एक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

## संभागायुक्त दीपक सिंह ने म.प्र. हाउसिंग बोर्ड के संभागीय एवं जिला अधिकारियों की बैठक ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में म.प्र. हाउसिंग बोर्ड के संभागीय एवं जिला अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने संभाग के विभिन्न जिलों में विभाग के माध्यम से किये जा रहे निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए समय-सीमा में निर्माण कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि संभाग के विभिन्न जिलों की बड़ी तहसीलों में बेहतर प्लानिंग के साथ आदर्श कॉलोनी विकसित करें। उन्होंने पुर्नधनत्वीकरण योजना के निर्माणधीन कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न जिलों में सिविल लाइन डेवल्पमेंट के तहत बेहतर प्लानिंग के साथ कार्य किये जाए। उन्होंने महेश्वर में अहिल्या लोक विकास हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक नवीन कार्य योजना में सोलर पेनल एवं ईवी व्हीकल चार्जिंग स्टेशन की प्लानिंग सुनिश्चित की जाये। बैठक में डिप्टी कमिश्नर हाउसिंग बोर्ड श्री महेन्द्र सिंह सहित विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## हरियाली के बहाने इंदौर में दिखे राजनीति के रंग, ताई-भाई के बीच फिर नजर आई खाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्य प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में 51 लाख पेड़ लगाने का अभियान शुरू किया है। हरियाली की इस पहल के बहाने राजनीतिक के अलग-अलग रंग भी शहर में देखने को मिल रहे हैं। लंबे समय से खामोश रहने वाले 'ताई-भाई' के बीच खाई देखने को मिल रही है। इस अभियान का ज्यादा श्रेय विजयवर्गीय को मिल रहा है। सांसद शंकर लालवानी और मेयर पुष्य मित्र भार्गव आयोजनों में 'अतिथि कलाकार' की भूमिका में ही नजर आ रहे हैं।

अभियान की बागडोर विजयवर्गीय की टीम ने अपने हाथों में ले रखी है। मंत्री विजयवर्गीय अपने पुराने संपर्क-संबंधों का फायदा उठाते हुए वे केंद्र के कई मंत्रियों को अभियान से जोड़ चुके हैं। 14 जुलाई को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में 11 लाख पौधे लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी इंदौर में बनाने की तैयारी उन्होंने की है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार



अक्षय बम को भाजपा में लाकर धमाका कर चुके विजयवर्गीय के 51 लाख पेड़ लगाने के अभियान की भी शहर में चर्चा है।

राजनीतिक विश्लेषक उनकी इस सक्रियता के कारण खोज रहे हैं। विजयवर्गीय जब भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव थे तो इंदौर की राजनीति में ज्यादा दिलचस्पी नहीं लेते थे। तब उनके बयान 'मैं नगर निगम की तरफ पैर रखकर भी नहीं सोता', 'इंदौर के मामले में ठाकुर के हाथ बंधे हुए हैं' काफी चर्चा में रहे थे।

68 वर्षीय विजयवर्गीय की इस सक्रियता को भविष्य की राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि 2029 के लोकसभा चुनाव में वे इंदौर से टिकट की दावेदारी कर सकते हैं, ताकि वे फिर केंद्र की राजनीति कर सकें।

### ताई ने पत्र लिखकर उठाए सवाल, भाई ने मंच से दिया जवाब

पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की राजनीतिक अदावत जगजाहिर है। पौधे लगाने के अभियान की बागडोर विजयवर्गीय ने संभाल रखी है, लेकिन ताई ने मेयर पुष्य मित्र भार्गव को पत्र लिखकर अभियान पर सवाल उठाए और कहा था कि यह अभियान दिखावा न रह जाए।

मंगलवार को अभियान में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला शामिल हुए। इस कार्यक्रम में विजयवर्गीय ने ताई का नाम लिए बगैर कहा कि कुछ लोग इतने पेड़ लगाने पर शंका जाहिर कर रहे हैं, लेकिन इंदौर में हर साल 51 लाख पेड़ लगाए जाएंगे।

# हवा आंधी से बर्बाद हुई फसलों का अब तक नहीं मिला मुआवजा

## कर्ज लेकर अगली फसल की तैयारी कर रहे किसान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले में बीते दो महीने में लगातार मौसम खराब रहने और तेज हवा आंधी के चलते खेतों में खड़ी फसलों को काफी नुकसान पहुंचा था, जिससे जिले की मूल फसल केले के उत्पादन को भी काफी नुकसान हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, अकेले बुरहानपुर जिले के 70 से अधिक गांव में रहने वाले लगभग 5,000 से अधिक किसानों के केले की खड़ी फसल को उस समय काफी नुकसान पहुंचा था। सत्ता और विपक्ष के स्थानीय नेताओं ने भी इसको लेकर उस समय आवाज उठाई थी, जिसके बाद शासन स्तर पर इसको लेकर सर्वे और मुआवजा वितरण का कार्य भी हुआ। लेकिन वह नाकाफी साबित हो रहा है।

बताया जा रहा है कि जिला प्रशासन की टीम ने सर्वे कराकर अपनी जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी थी, जिसके बाद जिले के किसानों के लिए करीब 65 करोड़ रुपये की राहत राशि मुआवजा वितरण के लिए पारित भी की जा चुकी है, जिसे किसानों के खातों में



सीधे ट्रांसफर किया जाना है। वहीं, अब तक हवा आंधी से प्रभावित हुए आधे किसानों के खातों में तो मुआवजा राशी पहुंच भी गई है।लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में किसानों को अपनी फसलों के नुकसान के रूप में मिलने वाले मुआवजे की राशि का इंतजार है। इसको लेकर फिलहाल जिले के किसान भी परेशान हैं। क्योंकि मानसून शुरू हो चुका है और उन्हें अब अगली फसल बोना है। ऐसे में किसान खेतों को तैयार कर अगली फसल उगाने के लिए कर्ज लेकर बीज और खाद का इंतजाम करने में जुटे हैं। वहीं, मुआवजा वितरण को लेकर भी किसानों ने जिला प्रशासन पर भेदभाव करने के आरोप लगाए हैं।

### कांग्रेस ने सरकार पर लगाए भेदभाव के आरोप

वहीं, एक जिला एक उत्पाद में चयनित केले की फसल का उत्पादन करने वाले किसानों को उनकी फसलों की नुकसानी का मुआवजा मिलने में हो रही देरी को लेकर अब जिले की सियासत भी तेज हो गई है। इस मामले में बुरहानपुर से कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष रिंकू टांक का कहना है कि खुद को किसानों की सरकार कहने वाली बीजेपी की सरकार ने किसानों को मुसीबत और उनकी जरूरत के समय मुआवजा राशि नहीं देकर और बालाघाट में किसानों का कर्ज माफ करके भेदभाव किया है। कांग्रेस ने शेष बचे किसानों का भी मुआवजा जल्द से जल्द उनके खाते में देने की मांग की है। देरी होने पर कांग्रेस ने किसानों के साथ मिलकर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

### मुआवजा वितरण को लेकर सांसद भी मिले कलेक्टर से

बता दें कि केला उत्पादक किसानों की समस्या को लेकर स्थानीय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने भी बुरहानपुर कलेक्टर भव्या मित्तल से मुलाकात की है और जल्द से जल्द शेष रह गए किसानों व सर्वे में रह गए किसानों के नाम जोड़ने को लेकर उनसे कार्य योजना बनाने को कहा है। वहीं, सांसद पाटिल ने बताया कि जिले में हुई प्राकृतिक आपदा से जिला प्रशासन ने 65 करोड़ राशि का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा था, जिसमें से 33 करोड़ की राशि का वितरण हो गया है। शेष 32 करोड़ की राशि का भी वितरण जल्द कर दिया जाएगा।

## लपटों से घिरे सरपट दौड़े ट्रेन के एसी कोच

# मध्यप्रदेश में अमरकंटक एक्सप्रेस में लगी आग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। राजधानी भोपाल से बड़ी खबर सामने आई है। अमरकंटक एक्सप्रेस में आग लग गई। आग एसी कोच के निचले हिस्से में लगी। यह हादसा मिसरोद और मंडीदीप स्टेशन के बीच हुआ। हादसे के बाद यात्री दहशत में आ गए। बताया जाता है, यह आग बी-तीन और बी-चार एसी कोच के नीचे लगी थी। उसके बाद फायर इस्टिंग्यूशर से इसे बुझाया गया। आग की घटना के बाद रेलवे ने जांच के आदेश दे दिए हैं।**

बता दें कि ट्रेन में सवार यात्रियों में से किसी एक ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया अकाउंट में अपलोड कर दिया। अमरकंट एक्सप्रेस छत्तीसगढ़ के दुर्ग और मध्यप्रदेश के भोपाल के बीच चलती है। इसके दुर्ग और भोपाल के अलावा 27 अन्य हॉल्ट हैं।

### ऐसा हादसा शहडोल में भी हुआ था

इससे पहले 27 जून को मध्यप्रदेश के शहडोल भी रेल हादसा हुआ था। यहां स्टेशन से लगे यार्ड में मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतर गए थे। कुछ कोच बगल में खड़ी एक दूसरी मालगाड़ी से भी टकरा गए थे। हादसे के बाद ट्रैक की चार लाइन प्रभावित हो गई थी। हालांकि, इस हादसे से पैसेंजर ट्रेन प्रभावित नहीं हुई। घटना में किसी को भी किसी भी तरह की चोट नहीं आई। यह ट्रेन कोयला भरकर छत्तीसगढ़ के परसा से राजस्थान जा रही थी। हादसे के बाद रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और पलटे हुए वैगन को हटाया।

गौरतलब है कि पिछले साल अप्रैल महीने में भी शहडोल रेलवे स्टेशन के पास बड़ा रेल हादसा हो गया था। शहडोल रेलवे स्टेशन से नौ किमी दूर सिंहपुर स्टेशन है। इस स्टेशन के पास दो मालगाड़ियां आपस में टकरा गईं थीं। हादसे के वक्त एक ट्रेन में आग भी लग गई थी। यह हादसा इतना भीषण था कि एक इंजन के ऊपर दूसरी ट्रेन का इंजन चढ़ गया था। हादसे में इसे चला रहे मोटरमैन की भी मौत हो गई थी।

## महिला जनसपंर्क अधिकारी पूजा थापक ने खुदकुशी कर ली



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र के साकेतनगर में रहने वाली जनसपंर्क अधिकारी 33 वर्षीय पूजा थापक ने मंगलवार सुबह साढ़े दस बजे फांसी लगा ली। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि उनके पति से किसी बात को लेकर अनबन हुई थी। उसके बाद वह अपने कमरे में चली गई थी। जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आई तो पति ने कमरे का दरवाजा तोड़ा और उन्हें फंदे से उतारकर एम्स ले गए। जहां रात करीब 11 बजे इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। गोविंदपुरा थाने के थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर ने बताया कि पूजा थापक मूलतः ग्वालियर की रहने वाली थीं। उनकी शादी करीब ढ़ाई साल पहले साकेत नगर ए सेक्टर में रहने वाले निखिल दुबे से हुई थी। उनका एक वर्षीय बेटा भी है। उनके पति अरेरा हिल्स स्थित प्रौद्योगिकी विभाग कार्यालय में असिस्टेंट डायरेक्टर हैं। वह अपने पति और सास-ससुर के साथ रहती थीं।

## कूलर बंद होने पर दुल्हन के भाई की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में शादी में कूलर बंद होने पर दुल्हन के भाई (मामा के बेटे) की हत्या कर दी गई। बारात में आए युवक और उसके तीन साथियों ने युवक की कमर - पैर में चाकू मारे। घटना मंगलवार - बुधवार दरमियानी रात 2 बजे की है। विजय नगर थाने की पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। बाकी आरोपी फरार हैं। बारात तिलवारा थाने के शास्त्री नगर से विजय नगर आई थी। राज अहरिवार (19) शहर के माढ़ोताल थाना क्षेत्र में आईटीआई के पास का रहने वाला था। मंगलवार को मेट्रो लॉन मैरिज गार्डन में उसकी बुआ की बेटी का शादी फंक्शन चल रहा था। बताया जा रहा है कि फॉल्ट होने पर कूलर बंद हो गया। एक बाराती शोर मचाने लगा। बार-बार कहने लगा कि गर्मी बहुत है, जल्दी कूलर चलाओ। राज ने जाकर उसे समझाया कि दो मिनट में सुधर जाएगा। दोनों में बहस हो गई। गहमागहमी के बीच राज ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। बाराती बाहर चला गया और फोन कर अपने तीन साथियों को बुला लिया। राज जैसे ही मैरिज गार्डन से बाहर आया, चारों ने उसे घेरकर हमला कर दिया। इस समय तक खाना-पीना हो चुका था। अंदर शादी की रस्में चल रही थीं। दोस्त प्रदीप चौधरी ने बताया कि चारों लड़कों ने मिलकर राज की हत्या की और फरार हो गए। उसे मेडिकल कॉलेज ले गए। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## कार पेड़ से टकराई, 5 दोस्तों की मौत, 2 गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम में एक टवेरा कार सड़क से उतरकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में 11 युवकों को चोट आई। पिपरिया अस्पताल लाते-लाते 5 युवकों ने दम तोड़ दिया। 6 युवक घायल हैं, जिन्हें रात में ही नर्मदापुरम के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में इनमें से 5 को प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि सोमवार को सभी शादी में सांडिया गए थे। वहां से रात 1.30 बजे पिपरिया लौटते समय हादसा हो गया। कार का ऊपरी हिस्सा पेड़ की डाल से रगड़ता हुआ निकला। डाल टूटकर छत पर गिर गई। इस वजह से सभी के सिर में चोट आई है। मृतकों में तीन नरसिंहपुर और दो नर्मदापुरम जिले के हैं।

## दो साल के मासूम ने निगली पिन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में दो साल के मासूम ने खेल-खेल में खिलौने की पिन निगल ली। U आकार की एक सेंटीमीटर लंबी पिन उसके गले में अटक गई। 24 घंटे तक बच्चा दर्द से तड़पता रहा। परिजन उसे मेडिकल अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर निकाल दिया। बंजार गांव का रहने वाला दो साल का बच्चा 6 जुलाई को घर पर किसी खिलौने से खेल रहा था। मां घर के अंदर काम कर रही थी। इसी दौरान खेल-खेल में बच्चे ने खिलौना मुंह में डाल लिया। खिलौने में लगी U आकर की पिन उसके गले में चली गई। गले में पिन फंसने के कारण उल्टी होने लगी। वह दर्द के कारण बुरी तरह तड़पने लगा। खांसी या उल्टी में खून निकलने लगा।

## महिला ने दो बेटियों समेत जहर खाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह।** दमोह के टपरिया गांव में एक महिला ने अपनी दो बेटियों को जहर देने के बाद खुद भी खा लिया। गंभीर हालत में तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां 4 माह की मासूम ने दम तोड़ दिया। महिला रुक्मिणी यादव (25) और उसकी 2 साल की बेटी जिज्ञासा को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना के समय पति मनीष खेत पर था। पुलिस घटना के कारण का पता लगा रही है।

## एएसआई ने गोली मारकर सुसाइड किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल में पुलिस लाइन नेहरू नगर में बुधवार सुबह 9 बजे ट्रैफिक पुलिस के एएसआई योगेंद्र यादव (55) ने 315 बोर की राइफल से खुद को गोली मार ली। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। शुरुआती जांच में सामने आ रहा है कि दो साल से वे डिप्रेशन में थे। पत्नी को कैंसर है।

## महिला का सिर कटा शव मिला

**मुरैना।** मुरैना के अंबाह में महिला का सिर कटा शव मिला है। महिला की पहचान पूठ रोड निवासी 24 वर्षीय छाया शर्मा पति आनंद के रूप में हुई है। अंबाह एसडीओपी रवि भदौरिया सहित पुलिस बल मौके पर मौजूद है। आनंद लापता है, इसके चलते पुलिस को शक है कि उसने ही पत्नी की हत्या को अंजाम दिया है।

## संपादकीय


### भ्रष्टाचार के ओर इशारा कर रहे निर्माणाधीन पुल

बिहार में मानसून की शुरुआत में ही एक के बाद एक पुलों के ध्वस्त होने की घटनाओं के बाद राज्य सरकार हरकत में आई और जल संसाधन तथा ग्रामीण कार्य विभाग के पंद्रह अभियंताओं को निलंबित कर दिया। गौरतलब है कि राज्य में बीते कुछ दिनों के भीतर विभिन्न इलाकों में नए-पुराने दस पुल ढहने की खबर आ चुकी है। हैरानी की बात है कि ध्वस्त पुलों में कुछ निर्माणाधीन थे। सवाल है कि बिहार की मौजूदा सरकार अपने जिस सुशासन के दावे अक्सर करती रहती है, उसमें लगातार पुलों के ढहने को कैसे देखा जाए। कुछ वर्ष पहले बने या फिर निर्माणाधीन पुल अगर इस तरह गिर गए, तो इसके पीछे घोर लापरवाही और भ्रष्टाचार के अलावा और क्या वजह हो सकती है? विडंबना है कि जहां पुलों के लगातार ढहने की जांच कर जरूरी कार्रवाई की जाती, बाकी पुलों के रखरखाव और नए पुलों के निर्माण में भ्रष्टाचार खत्म करके उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित की जाती, वहीं इस मसले पर नाहक सियासी बयानबाजियां शुरू हो गईं। ढह गए पुलों की जिम्मेदारी पर सियासत क्या इस समस्या का समाधान है? दरअसल, भ्रष्टाचार के ये पुल सुशासन के दावों की हकीकत बता रहे हैं। लगातार पुलों के गिरने की घटनाओं पर कठघरे में घिरी सरकार का कहना है कि उसके अधीन निर्मित जो पुल गिरे हैं, उनका जिम्मा संभालने वाले ठेकेदारों को काली सूची में डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सवाल है कि जब इन पुलों का निर्माण हो रहा था तो संबंधित विभाग ने इसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जरूरत क्यों नहीं समझी। इस बात की क्या गारंटी है कि कोई दूसरा ठेकेदार पुल के निर्माण की गुणवत्ता से समझौता नहीं करेगा? पुलों के गिरने की घटनाओं को लेकर गठित जांच समिति ने अपनी शुरुआती रपट में कहा है कि विभागीय अधिकारियों ने निर्माण कार्य की निगरानी करने और बाद में पुलों की देखरेख में लापरवाही बरती। इसी रपट के आधार पर पंद्रह अभियंताओं को निलंबित किया गया है। मगर क्या सिर्फ संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर देने से इस की समस्या का समाधान हो जाएगा? भ्रष्टाचार के जिस जाल की वजह से ऐसी समस्याएं पैदा होती हैं, उस पर प्रहार किए बिना इसका हल कैसे निकलेगा?

**अर्ज़ किया है..!**

*हर इक नदी से कड़ी प्यास*
*ले के वो गुज़रा*
*ये और बात कि वो ख़ुद भी*
*एक दरिया था*

-अम्बर बहराईची




**धर्म-कर्म**

# कर्क संक्रांति 2024

## कब है जानें डेट, शुभ मुहूर्त और दान का महत्व

सूर्य जब कर्क राशि में प्रवेश करते हैं तो इसे कर्क संक्रांति कहते हैं। कर्क संक्रांति अबकी बार 16 जुलाई को है। इस दिन सूर्य मिथुन राशि से निकलकर कर्क राशि में आ जाएंगे। कर्क संक्रांति का धार्मिक महत्व बहुत खास माना जाता है। इस दिन सूर्य उत्तरायण से दक्षिणायण हो जाते हैं और फिर मकर संक्रांति तक इसी अवस्था में रहते हैं। इस दिन सूर्य देव की पूजा करने और दान पुण्य के कार्य करने का भी खास महत्व शास्त्रों में माना गया है। हिंदू धर्म में संक्रांति का मुहूर्त सूर्य की पूजा के लिए सबसे शुभ माना जाता है। मान्यता है इस दिन सूर्य को अघर्य देने और पवित्र नदी में स्नान करने से आपके सारे कष्ट और परेशानियां दूर होती हैं और आपके घर में सुख शांति बढ़ती है। आइए जानते हैं कर्क संक्रांति पूजा की डेट, शुभ मुहूर्त और अन्य खास बातें।

### ◆ कर्क संक्रांति 2024 डेट और शुभ मुहूर्त

हिंदू पंचांग की गणना के अनुसार कर्क संक्रांति 16 जुलाई को है। सूर्य सुबह 11 बजकर 29 मिनट पर मिथुन राशि से निकलकर कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। कर्क संक्रांति पर अबकी बार साध्य योग, शुभ योग और रवि योग का संयोग बना है। इस शुभ मुहूर्त में सूर्य देव की पूजा करने से विशेष लाभ होता है। दीर्घायु की प्राप्ति होती है और आपका शरीर निरोगी रहता है।



कर्क संक्रांति का धार्मिक महत्व कर्क संक्रांति के दिन गरीब और जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाना और उन्हें वस्त्र दान करना शुभ माना जाता है। इस दिन सूर्य देव की पूजा करने और व्रत रखने का भी खास महत्व होता है। कर्क संक्रांति पर पवित्र नदियों में स्नान करने से आपको विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है और साथ ही पाप कम होते हैं। कुछ स्थानों पर इस दिन रथ यात्रा का त्योहार भी मनाया जाता है। कर्क संक्रांति पर काले तिल बहते जल में प्रवाहित करने चाहिए और साथ ही इस दिन काले तिल का दान भी करना चाहिए। इस दिन अपने पूर्वजों का स्मरण करते हुए उनकी प्रिय वस्तुएं ब्राह्मणों को दान करनी चाहिए। आपके पूर्वज आपको सदैव खुशहाल और संपन्न होने का आशीर्वाद देते हैं।

Tamil Nadu

# गोल्ड ही गोल्ड... जब रेल यात्री का खोला गया सूटकेस हर कोई रह गया हैरान, 1.89 करोड़ का माल जब्त

**तिरुचिरापल्ली, (एजेंसी) तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में एक ट्रेन यात्री के पास से सोने के गहने और भारी मात्रा में कैश मिले हैं. रेलवे सुरक्षा बल ने यात्री के पास से 1.89 करोड़ रुपये के सोने के गहने और 15 लाख रुपये का कैश जब्त किया है. 'ऑपरेशन सतर्क' के तहत प्रतिबंधित वस्तुओं के अवैध परिवहन, यात्रियों के सामान की चोरी जैसे अपराधों के खिलाफ नियमित जांच कर रही आरपीएफ की टीम ने बुधवार को संदेह के आधार पर एक यात्री को हिरासत में लिया.**



हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान आर लक्ष्मणन के रूप में हुई है, जो चेन्नई एग्मोर-मंगलुरु एक्सप्रेस में चेन्नई एग्मोर से तिरुचिरापल्ली आया था.

जब अधिकारियों ने उसके कंधे पर लटकाए गए काले रंग के बैग की जांच की, तो उन्हें उसके अंदर एक और बैग मिला, जिसमें 15 लाख रुपये कैश और 2796 ग्राम सोने के गहने थे, जिनकी कीमत लगभग 1.89 करोड़ रुपये थी. जब्त किए गए सामान की कुल कीमत करीब 2.04 करोड़ रुपये थी.

आगे की जांच में पता चला कि लक्ष्मणन ने इन वस्तुओं को मदुरै में बांटने करने के लिए अवैध रूप से ट्रेन के जरिए ले गया था. आगे की जांच के लिए जब्त कैशऔर सोने के साथ आयकर विभाग को सौंप दिया गया.

New Delhi

## 17 राज्यों में 3-4 दिन भारी बारिश की आशंका

### असम के 26 जिलों में फसल-मवेशी पर संकट, लाखों लोग प्रभावित



**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम भारत से लेकर पूरब, पूर्वोत्तर, पश्चिम और दक्षिण भारत के अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश हुई है। गोवा में सुरंग में पानी भरने से कोंकण रेलवे मार्ग ठप हो गया है। इसके चलते कई ट्रेनें रद्द करनी पड़ी हैं और कई के मार्ग बदले हैं। उधर, उत्तराखंड के चमोली जिले में पातालगंगा लंगसी सुरंग के मुहाने के पास भयावह भूस्खलन से बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया है। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिन के लिए 17 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसमें बिहार समेत चार राज्यों के लिए रेड और तीन के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

चमोली पुलिस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पातालगंगा लंगसी सुरंग के पास हुए भूस्खलन का वीडियो साझा किया है। वीडियो में पहाड़ से सैलाब की तरह मलबा गिरता नजर आ रहा है। भूस्खलन के कारण किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बदरीनाथ हाईवे पर पिछले दो दिनों से लगातार भूस्खलन हो रहा है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में कम से कम 200 अन्य सड़कों पर यातायात अवरुद्ध हुआ है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बृहस्पतिवार को बिहार, उप हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम और मेघालय में अत्यधिक बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है।

Rajasthan

## केमिकल ट्रांसफार्मर बनाने वाली फैक्ट्री में आग का तांडव, धुएं का गुब्बार देख मचा हड़कंप

**जयपुर, (एजेंसी)** राजस्थान के जयपुर में बुधवार को केमिकल ट्रांसफार्मर बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई. इसके बाद एक-एक कर दर्जनों ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट होने लगे. आग की लपटें देख औद्योगिक क्षेत्र में लोग दहशत में आ गए. आग इतनी भीषण थी कि लपटों का धुआं करीब 2 किलोमीटर दूर तक उठता दिखाई दिया. सूचना मिलते ही मौके पर करीब एक दर्जन दमकल गाड़ियां पहुंची. दमकलकर्मियों ने करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पा लिया. मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौतम लाल ने बताया कि विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र के रोड नंबर-9 स्थित श्रीनाथ केबल एंड ट्रांसफार्मर मैन्युफैक्चरिंग में आग लगने की सूचना बुधवार शाम 6 बजे मिली.



Uttarpradesh

## एटा में प्रेमी ने की दिल दहलाने वाली वारदात, शादी से मना पर प्रेमिका के पिता को मार डाला

**एटा, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के एटा में एक सिरफिरे प्रेमी ने दिल दहलाने वाली वारदात कर डाली। शादी से इनकार पर गुस्साए प्रेमी ने प्रेमिका के पिता की गलाकाट कर हत्या कर दी गई। मृतक अपने घर के आंगन में सो रहा था। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। प्रेमिका की शादी शुक्रवार को होनी थी। जानकारी पर पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

थाना मारहरा क्षेत्र के गांव मीरापुर निवासी माया प्रकाश (48)पुत्र नौबत सिंह अपने घर के आंगन में सो रहे थे। आरोप है कि रात्रि में आकाश पुत्र अतर सिंह ने उनकी गला काटकर हत्या कर दी। परिजनों को जब तक जानकारी हुई तब तक हत्यारोपी फरार हो गया। परिजनों ने बताया कि



आरोपी बेटी को परेशान करता था। कई बार उसे हिदायत भी दी गई थी। इसके बाद भी आरोपी परेशान करता है। बेटी की शादी तय कर दी गई। 12 जुलाई को शादी होनी थी। इससे पहले उसने हत्या कर दी।

खेल

# वाटकिंस के अंतिम समय में किए निर्णायक गोल से जीता इंग्लैंड, नीदरलैंड को हराकर फाइनल में पहुंचा

**डॉर्टमुंड, (एजेंसी)** सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर खेलने उतरे ओली वाटकिंस ने स्टॉपेज टाइम में निर्णायक गोल दागकर इंग्लैंड को लगातार दूसरी बार यूएफा यूरोपियन चैंपियनशिप (यूरो कप) फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कराया। डॉर्टमुंड में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड ने रोमांचक मुकाबले में नीदरलैंड को 2-1 से हराया। मैच के अंतिम समय में वाटकिंस ने कोले पालमेर द्वारा मिले पास पर कॉर्नर से शानदार गोल दागा और टीम को निर्णायक बढ़त दिलाने में सफल रहे। इंग्लैंड का सामना अब खिताबी मुकाबले में स्पेन से होगा जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल मैच में फ्रांस को 2-1 से मात दी थी।



इंग्लैंड की इस मुकाबले में शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और जावी सिमंस ने सातवें मिनट में ही गोल कर नीदरलैंड को शुरुआती बढ़त दिला दी थी। हालांकि, इंग्लैंड ने भी वापसी करने में ज्यादा देर नहीं लगाई और हैरी केन ने 18वें मिनट में मिली पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। पहला हॉफ बराबरी पर छूटा, जबकि दूसरे हॉफ में दोनों टीमों ने बढ़त लेने की पुरजोर कोशिश की। मुकाबला अतिरिक्त समय में जाता दिख रहा था, लेकिन तभी सब्स्टीट्यूट खिलाड़े के तौर पर उतरे वाटकिंस ने पालमेर द्वारा मिले पास पर स्टॉपेज टाइम के पहले ही मिनट में गोल करने का मौका नहीं गंवाया।

गारेथ साउथगेट की टीम इंग्लैंड का अभियान इस यूरो कप में भी शानदार रहा है और वे लगातार दूसरी बार इस टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में प्रवेश करने में सफल रहे हैं। इंग्लैंड की कोशिश 1966 के बाद अपना पहला बड़ा खिताब जीतने की है। इसके लिए उसे फाइनल में स्पेन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा जिसने अब तक शानदार खेल दिखाया है। नीदरलैंड 1988 में जर्मनी में आयोजित पिछले यूरो में अपनी जीत दोहराने की उम्मीद कर रहा था, लेकिन उनकी वर्तमान टीम में मार्को वैन बास्टेन या रूड गुलिट जैसी स्टार खिलाड़ी की कमी दिखी। अगर नीदरलैंड की टीम सेमीफाइनल में जीत दर्ज करने में सफल रहती तो यह 2010 विश्व कप के फाइनल की तरह मुकाबला होता।

सिनेमा

## हार्दिक पांड्या से तलाक की अटकलों के बीच नताशा ने शेयर की दिल की बात, कहा- हम जल्दी जज करते हैं और फिर...



हार्दिक पांड्या और नताशा स्तांकोविक के तलाक की खबरें एक बार फिर तेजी से सुर्खियों में आईं जब नताशा ने हाल ही में भारत के वर्ल्डकप जीतने पर कोई पोस्ट नहीं किया, ना ही हार्दिक के लिए। वहीं इस बीच वह सोशल मीडिया पर कई क्रिप्टिक पोस्ट करती रहती हैं। अब नताशा ने अपना वीडियो शेयर किया है। वीडियो में वह सभी को लोगों को जल्दी जज करने के लिए मना कर रही हैं। वीडियो में नताशा बोलती हैं, 'बस एक रैंडम थॉट आया कि हम कितनी जल्दी जज करते हैं सबको। अगर हम किसी को उसके किरदार से बाहर काम करता देखते हैं तो हम रुककर उन्हें ऑब्जर्व नहीं करते हैं। हमारे मन में किसी के लिए सहानुभूति नहीं होती है। हम सीधा जज करते हैं।' नताशा आगे कहती हैं कि हमें नहीं पता क्या हुआ है। उसके एक्ट, उस सिचुएशन के पीछे क्या वजह है। तो हमें थोड़ा कम जजमेंटल होना चाहिए और ऑब्जर्व ज्यादा। थोड़ी सहानुभूति रखें और लोगों को लेकर धैर्य रखें। बता दें कि हार्दिक और नताशा के तलाक की खबरें तब शुरू हुई जब रेड्डिट पर एक पोस्ट वायरल हुआ कि नताशा ने इंस्टाग्राम से पांड्या सरनेम हटा दिया है। इसके अलावा नताशा ने शादी की फोटोज भी इंस्टाग्राम से हाइड कर दी थीं।

## Highlights

1. **PM Modi grants CM Naidu ₹60,000 crore refinery in Andhra: Report**
2. **Uber reports surge in overseas trips among Indians in 2023**
3. **Missing remains, bones of Sheena Bora found at CBI office in Delhi**
4. **YouTuber Praneeth Hanumantu arrested for sexualising father-daughter relationship**
5. **Who is Mohan Lal Badoli, the new Haryana BJP president?**
6. **Bring your Aadhaar when you come to meet me: Ranaut to Mandi people**

# Reliance Jio IPO listing likely in 2025 at $112 billion valuation: Jefferies

**NEW DELHI, (Agency).** Reliance Jio- the telecom unit of Reliance Industries Ltd- could be headed for a major initial public offering (IPO) in 2025. The potential valuation of the listing could be more than ₹9.3 lakh crore, Jefferies said in a note. Jio 'could list at $112 billion valuation' and add '7-15 percent upside' to the Reliance Industries share price, the brokerage said.




"Jio leading the way in the recent tariff hikes unlike in the past while keeping feature phone tariffs unchanged shows focus on monetization and subscriber market share gains. These moves create a case for a possible public listing in CY25 in our view," it said.

For Jio listing, the company has two options- one is IPO and the second is a spin-off like Jio Financial Services (JFS).

"Their primary concern is the holdco discount of 20-50% in India but steeper (50-70%) for conglomerates in Korea and Taiwan. The large retail investor mobilization in the case of an IPO is another concern. The lower controlling stake in Jio on spin-off could be addressed by buying a part of the shares offered by private equity funds after the spin-off," Jefferies said in the report.

It added, "This would avoid the holdco discount and enable better value unlocking benefiting RIL shareholders. The owner's stake in Jio would fall to 33.3% on the listing. We note the owner's stake in the recently spun-off JFS was 45.8% on the listing. The strong performance of the stock prices of RIL and JFS since the event, as well as the less than majority stake of the owners in JFS, may tilt the owner to adopt the spin-off route for Jio."

# Yes Bank shares gain after Moody's revises outlook from 'stable' to 'positive'

**NEW DELHI, (Agency).** Yes Bank's share price rose today in early morning deals following an upgrade by the global rating agency Moody's. Yes Bank shares opened with an upside gap at ₹26.10 apiece on the NSE and touched an intraday high of ₹26.60 per share within a few minutes of stock market opening.




Global rating agency Moody's upgraded its outlook on Yes Bank from 'stable' to positive over expectation of a gradual improvement in its depositor base and lending franchise which will help improve its core profitability over the next 12-18 months.

Moody's said in a statement, "We expect Yes Bank's core profitability, which is measured by pre-provisioning profits to total assets, will gradually improve to above 1.2 per cent over the next 12-18 months from 0.8 per cent in the financial year ended March 2024."

Yes Bank's funding and liquidity are modest compared with those of other large private-sector Indian banks that the agency rates, Moody's said, adding, "We expect the bank's funding costs to remain higher than its peers' over the next 12-18 months because of increasing competition among banks for deposits."

# मंदिर में पुजारी-महंत को बंधक बनाया, मंदिर निर्माण के रुपए, दानपेटी और सोने का लॉकेट लूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के बाणगंगा थाना इलाके के ग्राम अलवासा के एक मंदिर में मंगलवार-बुधवार की रात डकैती हो गई। रात करीब 1.30 बजे आए बदमाशों ने पुजारी, महंत और सेवादार को बंधक बनाकर लूट लिया। बदमाश यहां से दानपेटी, मंदिर बनाने के लिए जमा पैसा, मां दुर्गा की प्रतिमा पर चढ़ा सोने का मंगलसूत्र, सोने का पैंडल लूटकर भाग गए। बदमाशों की संख्या 8 से 10 के आसपास बताई जा रही है।**

पुजारी रामकिशन ने पुलिस को बताया कि ग्राम अलवासा के वैष्णोधाम मंदिर में वह सेवक महेशदास के साथ बरामदे में सो रहे थे। महंत कमलदास कमरे में सो रहे थे। रात करीब 1.30 बजे बदमाश लाठी और अन्य हथियार लेकर मंदिर में घुस गए। मेरी नींद खुली और मैंने पूछा कि कौन है तो उनमें से एक बदमाश ने मेरे सिर में डंडा मार दिया। खून बहता देख मैं अचेत हो गया।

शोर की आवाज सुनकर महंत कमल दास बाहर आए। तो बदमाशों ने उन्हें भी पीटा। इसके बाद महंत, मुझे और सेवक को रस्सी, गमछे से बांध दिया। कहा कि शोर मचाया तो जान से मार देंगे। इसके बाद बदमाशों ने मंदिर में रखा नकदी, माता जी का सोने का पैंडल और मंदिर निर्माण के लिये जमा रुपए व दानपेटी उठाई और भाग गए।

बदमाशों के जाने के कुछ देर बाद सभी एक-दूसरे के जैसे-तैसे हाथ-पैर खोले। इसके बाद गांव वालों को जगाया। वे इकट्ठा हुए तो उन्हें पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। इसके बाद बाणगंगा थाने जाकर केस दर्ज कराया।

पुलिस ने केस दर्ज कर गांव जाने वाले रास्तों और टोल नाकों के फुटेज तलाश रही है। पुलिस रामकिशन और अन्य के बताए कद-काठी और हुलिये के आधार पर तलाश कर रही है।

# डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मारी, युवती की मौके पर मौत, युवक घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर**। इंदौर के धार रोड पर सिंहासा के नजदीक एक हादसे में नेशनल स्टील कर्मचारी युवती की मौत हो गई। वह बाइक से अपने रिश्तेदार के साथ ड्यूटी पर जाने के लिये निकली थी। इस दौरान हादसे का शिकार हो गई। चंदन नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना सिंहासा ग्राम की है। यहां पर राम पाटीदार (28) निवासी लिंबोदी और पूजा नागर (25) निवासी एमआर 10 बाइक से घाटा बिल्लौद की तरफ जा रहे थे। उनकी बाइक को डंपर ने टक्कर मार दी। पूजा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं राम घायल हुआ है। पुलिस के मुताबिक मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। साथी राम ने बताया कि दोनो स्टील कंपनी में काम करते है। वही सुबह ड्यूटी पर जाने के लिये निकले थे। पुलिस ने डंपर जब्त कर लिया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक